# पचास बिस्तरीय अत्याधुनिक पुलिस अस्पताल स्वस्ति का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

## शहीद पुलिसकर्मियों ने देशभक्ति-जन सेवा के संदेश ध्येय वाक्य को सचमुच जियाः डॉ. यादव, ई-रक्षक और दिशा लर्निंग एप किए गए लोकार्पित




भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कोरोना काल में जब इस बीमारी से अनजान बड़े-बड़े डॉक्टर्स ने अपने क्लीनिक बंद कर दिए थे, तब उन परिस्थितियों में भी पुलिस ने अपनी जान की परवाह न करते हुए मोर्चा संभाला। कोरोना काल में ड्यूटी करते हुए 155 पुलिसकर्मी शहीद हुए। उन्होंने सच्चे मायने में देशभक्ति-जन सेवा के संदेश को जिया और कर्त्तव्य की बलिवेदी पर प्राण न्यौछावर कर दिये। मैं सैल्यूट करता हूँ, ऐसे जांबाज योद्धाओं को।**

पुलिस जितनी सजगता और कर्तव्य परायणता के साथ काम करती है, उससे, उनके प्रति सम्मान और आदर में ओर अधिक वृद्धि हो जाती है। मुख्यमंत्री शनिवार को भोपाल में अत्याधुनिक सर्व-सुविधायुक्त पुलिस चिकित्सालय स्वस्ति के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने मैदानी पुलिसकर्मियों को अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण करने की दृष्टि से निर्मित डिजिटल एप ई-रक्षक और दिशा लर्निंग ऐप को भी लोकार्पित किया। डॉ. यादव ने कहा कि लगभग साढ़े बारह करोड़ की लागत से बने इस अत्याधुनिक अस्पताल स्वस्ति में सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं। पुलिस विभाग के वित्तीय प्रबंधन और अनुशासन की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि अस्पताल को देखकर लगता है कि इसकी लागत और अधिक होनी चाहिए थी। कार्यक्रम के प्रारंभ में पुलिसकर्मियों की बेटियों ने डॉ. यादव का तिलक लगाकर स्वागत किया। पुलिस बैंड के साथ हर्ष फायर कर सलामी दी गई। डॉ. यादव ने अस्पताल का निरीक्षण कर विजिटर बुक में अपने विचार अंकित किए।

### 40 हजार पुलिसकर्मियों को कर्मवीर योद्धा पदक

डॉ. यादव ने म.प्र. पुलिस के 40 हजार पुलिसकर्मियों को कोरोना काल में अदम्य साहस और सराहनीय कार्य के लिए कर्मवीर योद्धा पदक से सम्मानित करते हुए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सांकेतिक रूप से 5 पुलिसकर्मियों को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यवाहक निरीक्षक मुनेंद्र गौतम, उप निरीक्षक सुश्री प्रियम्वदा सिंह, गुलजार सिंह मार्को, आरक्षक अजय पाल सिंह और आरक्षक निशांत छारी को पदक एवं प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना की सराहना करते हुए कहा कि विभाग का मुखिया ऐसा ही होना चाहिए है, जिस प्रकार से उन्होंने पुलिसकर्मियों के हित में स्वयं आगे होकर काम किए हैं।

### दिशा लर्निंग ऐप

पुलिस महानिदेशक श्री सक्सेना ने कहा कि पुलिसकर्मी अपने कार्य के स्वरूप के कारण अपने व्यस्तताओं और मुख्यालय से बाहर ड्यूटी पर रहने के कारण बच्चों की शिक्षा पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। इस दृष्टि से पुलिसकर्मियों के बच्चों को अत्याधुनिक शिक्षा की दृष्टि से शैक्षणिक माहौल प्रदान करने के लिए दिशा लर्निंग ऐप सेंटर स्थापित किए गए हैं। ये सेंटर जिलों एवं बटालियन में प्रारंभ किए गए हैं। इन सेंटर्स में पुलिसकर्मियों के बच्चे शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। ऐप से विद्यार्थियों को व्यापक सूचनाएं एवं मार्गदर्शन प्राप्त हो सकेगा। यह ऐप 8वीं और उसके बाद की कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए बनाया गया है। यह ऐप विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई और रोजगार से संबंधित दिशा निर्धारित करने में सहायक होगा।

### डेटा से काम करेगी पुलिस, डंडे से नहीं

पुलिस महानिदेशक ने ई-रक्षक ऐप के संबंध में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कॉन्फ्रेंस में अपने संबोधन में कहा था कि इस इलेक्ट्रानिक युग में पुलिस को डंडे के बजाय डेटा से काम करने की आवश्यकता है। उनकी मंशा अनुरूप एमपी ई-रक्षक ऐप के द्वारा पुलिसकर्मियों को आदतन अपराधियों की जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध हो जाएगी। पुलिसकर्मी अपने ड्यूटी क्षेत्र में रहने वाले आदतन अपराधियों की जानकारी एक साथ देख सकेंगे। गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्ति के नाम को अपराधी के डेटाबेस में सर्च किया जा सकेगा। इसके साथ ही फेस रिकग्नाइजेशन मॉड्यूल के अंतर्गत आरोपी का फोटो अपलोड कर उसे संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही व्हीकल सर्च विंडो में जाकर गाड़ी का रजिस्ट्रेशन, ईंजन या चेसिस नंबर के द्वारा वाहन से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। चोरी एवं जप्ती हुए वाहन की जानकारी भी प्राप्त हो सकेगी। अन्य सुविधाओं से युक्त इस ऐप का भोपाल, इंदौर तथा अन्य जिलों में चरणबद्ध तरीके से ट्रॉयल रन प्रारंभ किया गया है।

---

**नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए...**

# पीपीपी मोड पर खुलेंगे मेडिकल कॉलेजः मुख्यमंत्री



भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने और चिकित्सा शिक्षा व्यवस्था का विस्तार करने की दृष्टि से नए मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किए जा रहे हैं।**

प्रदेश में वर्ष- 2003 तक सिर्फ 5 शासकीय मेडिकल कॉलेज थे। गत 20 वर्ष में 12 नए मेडिकल कॉलेज प्रारंभ हुए और अब एक साथ 12 अन्य मेडिकल कॉलेज पीपीपी मोड पर प्रारंभ करने की ओर हम बढ़ चुके हैं। शीघ्र ही प्रदेश में 50 मेडिकल कॉलेज होंगे। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में अधोसंरचना सशक्त होती जा रही है। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ करने का लक्ष्य है। इसके साथ ही प्रदेश के प्रत्येक जिले के लिए मेडिकल कॉलेज की संकल्प की पूर्ति के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। डॉ. यादव ने समत्व भवन में शनिवार को एक बैठक में प्रदेश में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज प्रारम्भ करने के लिए उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की। श्री शुक्ल बैठक में वर्चुअली शामिल हुए। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के नर्मदापुरम, देवास सहित अनेक अंचल नए मेडिकल कॉलेज की सुविधा से लाभान्वित होंगे। बैठक में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य संदीप यादव ने प्रजेंटेशन द्वारा पीपीपी मॉडल में स्थापित होने वाले कॉलेजों से संबंधित रूपरेखा प्रस्तुत की।

पीपीपी मोड में शासन द्वारा नियमानुसार भूमि आवंटन, अस्पतालों की वर्तमान क्षमता के विस्तार और रोगियों के उपचार पर होने वाले व्यय से संबंधित बिन्दुओं पर आज विचार-विमर्श किया गया। इस संबंध में शीघ्र ही मंत्रि-परिषद द्वारा आवश्यक निर्णय लिया जाएगा। विधायक बैतूल हेमंत खंडेलवाल, मुख्य सचिव अनुराग जैन उपस्थित थे।

---

# 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलेगा हम होंगे कामयाब अभियान

भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर जेंडर आधारित हिंसा की रोक थाम के लिए जागरूकता अभियान हम होंगे क़ामयाब 25 नवम्बर से 10 दिसंबर तक चलाया जाएगा। महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया 25 नवंबर को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर से प्रातः10 बजे इस अभियान की शुरुआत करेगी।**

जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान के तहत महिला सुरक्षा संवाद विषय पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला 25 एवं 26 नवंबर को आयोजित की गई है। कार्यशाला में सरकारी समन्वय और हितधारकों की ज़िम्मेदारी के माध्यम से जेंडर आधारित हिंसा का समाधान, सामुदायिक पुलिसिंग, महिला सुरक्षा में सहयोगी दृष्टिकोण, जेंडर आधारित हिंसा को समझना और स्थानीय कार्यान्वयन के लिए कार्य योजनाओं का विकास, पीड़ितों के लिए समर्थन प्रणाली को मज़बूत करना, वन स्टॉप सेंटर की भूमिका और मनोवैज्ञानिक प्रभाव ,महिला सुरक्षा को बढ़ावा देना त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र के माध्यम एम पी डायल 100 से अंतर्दृष्टि, महिलाओं की सुरक्षा कानूनों और नीतियों की समझ जैसे विषयों पर पहले दिन विषय विशेषज्ञों के साथ चर्चा होगी।

कार्यशाला के दूसरे दिन युवाओं की भूमिका बदलाव के वाहक, पीड़ितों के लिए समर्थन प्रणाली को मज़बूत करना, वन स्टॉप सेंटर की भूमिका, तकनीक आधारित जेंडर हिंसा की समझ तथा विश्वविद्यालय स्तर पर महिला सुरक्षा उपाय जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

---

# विजयपुर में लोकतंत्र की जीतः जितेन्द्र सिंह

## विजयपुर और बुधनी की जनता ने संविधान की रक्षा कीः पटवारी

भोपाल (काप्र)।

**अभा कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र सिंह ने मध्यप्रदेश के विजयपुर और बुधनी विधानसभा उपचुनाव में विजयपुर में मिली अप्रत्याशित जीत और बुधनी में एक लाख से अधिक मतों का अंतर समाप्त कर महज दस हजार का अंतर लाने के लिए दोनों विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुये धन्यवाद ज्ञापित किया है।**

वहीं जितेन्द्र सिंह ने प्रदेश की जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उन्हें न्याय दिलाने की लड़ाई में सदैव अग्रणी पंक्ति में खड़े रहने वाले प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ऊर्जावान अध्यक्ष जीतू पटवारी, कांग्रेस के सभी नेताओं सहित प्रदेश के मीडिया विभाग के साथियों, जिला, ब्लाक से लेकर बूथ स्तर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया का आभार व्यक्त किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुधनी और विजयपुर के मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि विजयपुर की जीत वहां के जागरूक मतदाताओं और कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता की जीत है। वहीं बुधनी में 20 साल से भाजपा के खाते में रहने वाली सीट पर कांग्रेस ने एक लाख से भी अधिक मतों का अंतर समाप्त कर वहां के मतदाताओं और कार्यकर्ताओं ने संकेत दिया है कि भाजपा और शिवराज की गुंडागदी से बुधनी में भाजपा चुनाव जीतती आयी है। श्री पटवारी ने कहा कि यह संविधान की जीत है, लोकतंत्र की जीत है। मतदाताओं ने यह चुनाव जिताकर सरकार को नींद से जगाने का काम किया है, जिसका लाभ पूरे प्रदेश की जनता को मिलेगा। वहीं विपक्ष को भी ताकत मिली है, विपक्ष को भी पूरी ताकत के साथ जनता के हक और अधिकारों की लड़ाई लड़ने में शक्ति मिलेगी।

---

# सारंग ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन




भोपाल (काप्र)।

**सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने शनिवार को नरेला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड 69 पंजाबी बाग में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया।**

इस अवसर पर श्री सारंग ने कहा कि नरेला विधानसभा में नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर विकास कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नरेला विधानसभा को हरित विधानसभा बनाने के लक्ष्य के साथ सभी 17 वार्डों में नागरिकों को थीम पार्कों की सौगात मिली है। स्वामी विवेकानंद थीम पार्क व मां नर्मदा परिक्रमा थीम पार्क नरेला क्षेत्र की स्वच्छता व सुंदरता का बेजोड़ उदाहरण है। वार्ड 69 के रहवासियों द्वारा श्री सारंग का भव्य स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों के साथ सैकड़ों की संख्या में रहवासियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा की।

श्री सारंग ने कहा कि जनता ने जो अपार स्नेह, आशीर्वाद व समर्थन दिया है वह एक ऋण की भांति है, इस ऋण को क्षेत्र के समग्र विकास के माध्यम से उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि नरेला विधानसभा विकास के मायने में कहीं से भी अछूती नहीं रहेगी। वार्ड 69 अंतर्गत पंजाबी बाग में पार्क के विकास कार्यों के अंतर्गत पाथवे, बाउंड्री वॉल, गेट निर्माण, हाईमास्ट लाइट, सार्वजनिक शौचालय, पौधारोपण, वेंचर्स, झूले और अन्य मनोरंजन की सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। यह पार्क सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयोगी होगा और क्षेत्र में एक हरित और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करेगा।

---

# मुख्यमंत्री की विदेश यात्रा प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगीः शर्मा

भोपाल (काप्र)।

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को निवेश संवर्धन और औद्योगिक विकास के लिए 6 दिवसीय विदेश यात्रा पर रवाना होने से पहले शॉल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंटकर सफल यात्रा की कामना की।**

श्री शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश की असीम संभावनाएं हैं इसलिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यूके व जर्मनी की प्रस्तावित यात्रा कारगर साबित होगी। श्री शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश की करीब साढ़े आठ करोड़ जनता का आशीर्वाद आपके साथ है। मुझे आशा ही नहीं, अपितु पूर्ण विश्वास है कि मध्यप्रदेश की प्रगति व जनता की खुशहाली के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यह विदेश यात्रा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में पूरी तरह सफल होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश की प्रगति के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मुंबई, बेंगलुरू में निवेशक सम्मेलन के साथ उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, सागर व रीवा में आयोजित रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव में अब तक करीब दो लाख 50 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। भोपाल में फरवरी 2025 में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हेतु मुख्यमंत्री डॉ. यादव का यह कर्तव्यनिष्ठ प्रयास मध्यप्रदेश के आर्थिक एवं औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

### *यूके और जर्मनी की यात्रा पर जाने पर दी शुभकामनाएं*

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पुष्प-गुच्छ भेंट कर यूके और जर्मनी दौरे के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने शुभकामनाएं दीं। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि यह दौरा राज्य में निवेश को आकर्षित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से मध्यप्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण केंद्र बनने का अवसर मिलेगा, जिससे राज्य के विकास गति और तेज होगी। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि डॉ. यादव का यह दौरा राज्य के आर्थिक विकास को नया आयाम देगा और वैश्विक पटल पर मध्यप्रदेश को एक नई पहचान दिलाएगा।*

---

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने विभागीय अधिकारियों की मैराथन बैठक ली

**भोपाल ( काप्र )।** स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा एवं अभियानों में बेहतर कार्य करने के लिए सिविल अस्पताल हथाईखेड़ा में स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष उन्मुखीकरण आयोजित किया गया। जिसमें पल्स पोलियो अभियान, सांस अभियान, पुरुष नसबंदी पखवाड़ा, अनमोल पोर्टल, वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी सहित सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी, सब डिविजनल मेडिकल ऑफिसर, पब्लिक हेल्थ मैनेजर, सुपरवाइजर, एएनएम एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने निर्देश दिए कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए बनाए जा रहे आयुष्मान वय वंदना कार्ड के काम में तेजी लाई जाए। सब डिविजनल मेडिकल ऑफिसर अपने अनुविभागीय अधिकारियों एवं नगर निगम से समन्वय कर इस काम को प्राथमिकता से पूर्ण करें। डॉ. तिवारी ने कहा कि पुरुष नसबंदी पखवाड़ा 4 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने मोबाइलाजेशन, लक्ष्य दंपतियों की सूची को अद्यतन करने, लक्ष्य दंपतियों से संपर्क कर परिवार नियोजन के साधनों की जानकारी देने , नसबंदी हेतु चिन्हित अस्पतालों एवं नसबंदी दिवसों की जानकारी हितग्राहियों को दिए जाने के निर्देश दिए। बैठक में 8 दिसंबर को आयोजित पल्स पोलियो अभियान में माइक्रोप्लानिंग के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को जानकारी दी गई।

---

**स्पेशल खबर** *खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में मिलिंग नीति की खाद्य मंत्री ने की समीक्षा...*

# प्रमुख सचिव और आयुक्त भी करें उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षणः राजपूत



भोपाल (काप्र)।

**खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के मिलिंग नीति की समीक्षा की। उन्होंने अफसरों को कड़े निर्देश दिये कि उपार्जन के दौरान या उसके बाद होने वाली गड़बड़ियों को रोकने के लिए विभाग के प्रमुख सचिव और आयुक्त उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण करें।**

मंत्रालय में प्रस्तावित मिलिंग नीति की समीक्षा करते हुए खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि व्यवस्था में सुधार लाने के लिए अफसर कड़े निर्णय लेने से गुरेज न करें। व्यवस्था में सुधार लाने के लिए किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनिमितता पाये जाने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करें। उपार्जन में गड़बड़ी रोकने के लिए उड़न दस्ता गठित करें। उड़नदस्ता औचक रूप से उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। श्री राजपूत ने कहा कि मैदानी स्तर पर जिला प्रबंधक नियमानुसार कार्य करने में कोई कोताही न बरतें। अफसरों को निर्देश दिये गये कि उपार्जन कार्य में संलग्न सर्वेयरों पर सतत् निगरानी रखें, जिससे वे उपार्जन के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही न करें। उन्होंने व्यवस्था में सुधार लाने के लिए कुछ नई कार्य-योजना बनाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिये। बैठक में प्रमुख सचिव खाद्य श्रीमती रश्मि अरूण शमी, आयुक्त खाद्य सिबि चक्रवर्ती, एमडी नागरिक आपूर्ति निगम पीएन यादव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। मशीनों से होगी अनाज की सफाई, मंडला में पायलट प्रोजेक्ट

श्री राजपूत ने निर्देश दिये कि भारतीय खाद्य निगम को उच्च गुणवत्ता का चावल प्रदान करने के लिए अनाज की सफाई मशीनों से कराई जाये। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस कार्य को पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में मंडला से शुरूआत की जायेगी। इसे बाद में पूरे प्रदेश में लागू किया जायेगा, जिससे भारतीय खाद्य निगम को गुणवत्ता युक्त चावल दिया जा सके।

प्रस्तावित नई मिलर्स नीति 2024-25 में पहली बार दंड का प्रावधान किया गया है। इसमें चावल की सूचना मिलर्स को प्राप्त होने के दिनांक से 20 दिवस में मानक स्तर का चावल जमा कराना अनिवार्य होगा। ऐसा न होने की स्थिति में मिलर्स पर 2 रूपये प्रति दिन प्रति क्विंटल का जुर्माना लगाया जाऐगा और एक माह में मानक स्तर का चावल जमा न कराये जाने पर मिलर्स द्वारा जमा की गई प्रतिभूति राशि राजसात कर ली जाऐगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि मिलर्स द्वारा भारतीय खाद्य निगम को प्रदान किये जाने वाले चावल की मात्रा 60 प्रतिशत से कम प्रदान करने पर मिलर्स को प्रोत्साहन राशि नहीं दी जाऐगी।